उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा
# की कार्यसूची

**सोमवार, 25 फाल्गुन, शक संवत्, 1936**
**( दिनांक : 16 मार्च, 2015 )**

**समय : 11:00 बजे पूर्वाह्न**

1. अल्प सूचित प्रश्न (देखिए नत्थी **"क"**)।

2. प्रश्न (देखिए नत्थी **"ख"**)

3. निधन के निदेश।

4. वित्त मंत्री, ''भारत का संविधान'' के अनुच्छेद 243-झ (4) एवं अनुच्छेद 243-म (2) के अधीन तृतीय राज्य वित्त आयोग (पंचायती राज एवं नगरीय स्थानीय निकाय) (2011-2016) के प्रतिवेदन में अन्य संस्तुतियों पर राज्य सरकार द्वारा की गई कार्यवाही का स्पष्टीकारक ज्ञापन सदन के पटल पर रखेंगे।

5. संसदीय कार्य मंत्री, उत्तराखण्ड विधान सभा के वर्ष, 2014 के तृतीय सत्र में, उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया एवं कार्य-संचालन नियमावली, 2005 के नियम-300 के अन्तर्गत प्राप्त सूचनाओं पर कृत कार्यवाही का विवरण, अध्यक्ष, उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा जारी किये गये प्रक्रिया संबंधी निदेश संख्या-14 (3) की अपेक्षानुसार सदन के पटल पर रखेंगे।

6. सदस्यों की गिरफ्तारी, निरोध व रिहाई की सूचनायें, यदि कोई हों।

7. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बादामवाला में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री आबिद, निवासी ग्राम पंचायत बादामवाला, पो0ओ0 आम्बाड़ी, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

8. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत बुलाकीवाला में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में'' श्री आबिद निवासी ग्राम पंचायत बुलाकीवाला, पो0ओ0 आम्बाड़ी, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

9. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, "जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत एटनबाग में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री अरूण कुमार निवासी ग्राम पंचायत एटनबाग, पो0ओ0 हरबर्टपुर, तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

10. श्री नव प्रभात, सदस्य, विधान सभा, "जनपद देहरादून की विकास नगर तहसील के अन्तर्गत ग्राम पंचायत नवाबगढ़ में पक्के शौचालयों के निर्माण के सम्बन्ध में" श्री वशीर अहमद निवासी ग्राम पंचायत नवाबगढ़, पो0ओ0 व तहसील विकास नगर, जनपद देहरादून एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

11. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर के ग्राम सभा खुनौली, भतौड़ा, ग्वाड भिल्कोट और बिलाड़ी में ए0एन0एम0 सेन्टर खोलने के सम्बन्ध में" श्रीमती कला देवी, निवासी ग्राम खुनौली, पो0 भतौड़ा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

12. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा "जनपद बागेश्वर के ग्राम सभा पल्सों में गैस गोदाम की स्वीकृति किये जाने के सम्बन्ध में" श्री भगवत सिंह डसीला, निवासी ग्राम अनगड़ी, पल्सों पो0 चौंरा जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

13. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर के ग्राम सभा खुनौली भतौड़ा, ग्वाड भिल्कोट और बिलाड़ी में चिकित्सालय खोले जाने के सम्बन्ध में" श्रीमती नीलम उपाध्याय ग्राम भतौड़ा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

14. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर के ग्राम सभा पल्सों से मल्ला अनगड़ी, गापानी मोटर मार्ग मिलान के सम्बन्ध में" श्री हरि मोहन सिंह निवासी ग्राम अनगड़ी, पल्सों पो0 चौंरा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

15. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर के ग्राम सभा मण्डलसेरा धिरौली, लामरा, भाटनीकोट बनडुबरा से कभडेत तक मोटर मार्ग मिलान के सम्बन्ध में" श्री भगवत सिंह डसीला, निवासी ग्राम अनगड़ी, पल्सों पो0 चौंरा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

16. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर के ग्राम सभा ग्वाड भिलकोट से खोलिया गांव व ग्राम सभा चौंरा तक मोटर मार्ग मिलान के सम्बन्ध में" श्री भोपाल सिंह डसीला, निवासी ग्राम पल्सों पो0 चौंरा जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

17. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के ग्राम सभा गडुवासिरमोली से भाटागाड़, नायल उप्रेती से रनकाना तक मोटर मार्ग मिलान के सम्बन्ध में" श्री भगवत सिंह डसीला, निवासी ग्राम अनगड़ी, पल्सों पो0 चौंरा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

18. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के ग्राम सभा भैरूचौबट्टा में पेयजल आपूर्ति हेतु पेयजल योजना की स्वीकृति कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री भगवत सिंह डसीला, निवासी ग्राम अनगड़ी, पल्सों पो0 चौंरा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

19. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के रा0इ0का0 खुनौली में लम्बे समये से प्रवक्ता एवं सहायक अध्यापकों के पदों की नियुक्ति कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री भगवत सिंह डसीला, निवासी ग्राम अनगड़ी, पल्सों पो0 चौंरा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

20. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम सभा पल्सों से ग्राम सभा चौंरा को जोड़ने हेतु पुंगर नदी में खिनघाट स्थित स्थान पर झूला पुल निर्माण कराये जाने के सम्बन्ध में" श्री भगवत सिंह डसीला, निवासी ग्राम अनगड़ी, पल्सों पो0 चौंरा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

21. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम सभा चौंरा (दुग) में जूनियर हाईस्कूल के उच्चीकरण के सम्बन्ध में" श्री भगवत सिंह डसीला, निवासी ग्राम अनगड़ी, पल्सों पो0 चौंरा जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

22. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम सभा खुल्दौड़ी के काखीधार से खुल्दौड़ी तक मोटर मार्ग मिलान के सम्बन्ध में" श्री भूपेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम व पो0 दोफाड़, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

23. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम सातचौंरा के छीड़िया गधेरे से ग्राम सभा नाघर साहू, मयूं ईड़ा से भेरूचौबट्टा मोटर मार्ग मिलान के सम्बन्ध में" श्री हरिमोहन सिंह, निवासी ग्राम अनगड़ी प्लसों व पो0 चौंरा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

24. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, ''जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम सभा पर्पो के तोक रताईस से तल्ला गापानी, मल्ला गपानी से कमेट पानी में मोटर मार्ग मिलान के सम्बन्ध में" श्री भगवत सिंह डसीला, निवासी ग्राम अनगड़ी, पल्सों पो0 चौंरा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

25. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम सभा चौंरा में स्थित आयुर्वेदिक चिकित्सालय में चिकित्सक की स्थायी नियुक्ति के सम्बन्ध में" श्री भगवत सिंह डसीला, निवासी ग्राम अनगड़ी, पल्सों पो0 चौंरा, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

26. श्री ललित फर्स्वाण, सदस्य, विधान सभा, "जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत ग्राम सभा खुल्दौड़ी से बुलदौड़ी, काकड़ीगैर, चिडंग, बिजोरिया, गाजली, क्लाग तक मोटर मार्ग मिलान के सम्बन्ध में" श्री भूपेन्द्र सिंह, निवासी ग्राम व पो0 दोफाड़, जनपद बागेश्वर एवं अन्य निवासी गण द्वारा हस्ताक्षरित याचिका उपस्थित करेंगे।

27. विशेषाधिकार की अवहेलना के प्रश्न, यदि कोई हों।

28. नियम 315 के खण्ड (13) व (14) के अन्तर्गत माननीय अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

29. मंत्रियों द्वारा विविध वक्तव्य, यदि कोई हों।

30. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड अनुसूचित जनजाति आयोग विधेयक, 2015 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

31. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड अनुसूचित जनजाति आयोग विधेयक, 2015 को पुरःस्थापित करेंगे।

32. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड आमोद और पणकर अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2015 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

33. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड आमोद और पणकर अधिनियम (संशोधन) विधेयक, 2015 को पुरःस्थापित करेंगे।

34. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2015 को पुरःस्थापित करने हेतु सदन की अनुज्ञा मागेंगे।

35. मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय (तृतीय संशोधन) विधेयक, 2015 को पुरःस्थापित करेंगे।

36. उत्तराखण्ड विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली, 2005 के नियम-315 के खण्ड (22) के अन्तर्गत मा0 अध्यक्ष द्वारा घोषणायें, यदि कोई हों।

(कार्य मंत्रणा समिति की सिफारिशों के लिए देखिए नत्थी-**"ग"**)

37. कार्यस्थगन का प्रस्ताव, यदि कोई हो।

38. खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

39. खादी एवं ग्रामोद्योग मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

40. पशुपालन मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड गो वंश संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

41. पशुपालन मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड गो वंश संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

42. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

43. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

44. पंचायती राज मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

45. पंचायती राज मंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

46. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार किया जाय। **(15 मिनट)**

47. मुख्यमंत्री प्रस्ताव करेंगे कि उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 पारित किया जाय।

.......................................................

**(समय : अपराह्न 04:00 बजे)**।

48. वित्त मंत्री, वित्तीय वर्ष 2015-16 का आय-व्ययक प्रस्तुत करेंगे।

49. निम्नलिखित असरकारी संकल्पों का प्रस्तुतीकरण :-

1. श्री महावीर सिंह रांगड़ — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य के 1065 गैर आबाद ग्रामों को पुनः आबाद करने हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाने तथा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों से हो रहे पलायन को रोकने के लिए समयबद्ध योजना बना कर क्रियान्वित किये जाने की आवश्यकता है।'

2. श्री चन्दन राम दास, — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि गंगा सफाई अभियान की तरह उत्तराखण्ड की काशी बागेश्वर की प्रसिद्ध नदी सरयू व गोमती को स्वच्छ निर्मल बनाये जाने के लिये सरकार योजना बनाकर प्रयास सुनिश्चित करें।"

3. श्रीमती विजय बड़थ्वाल, — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के गांवों जिनमें उत्तराखण्डवासियों की जनसंख्या अधिक हो, उत्तराखण्ड में सम्मिलित कर दिये जाये।"

4. श्री बिशन सिंह चुफाल, "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में बन्दरों की जनसंख्या को कम करने के लिए एक अलग से नीति बनायी जायें।"

5. श्री मदन कौशिक, "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य में स्थापित उद्योगों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये प्रभावी नीति हेतु इस सदन की समिति बनायी जायें।"

50. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरणः-

"यह सदन भारत सरकार से प्रस्ताव करता है कि मध्याह्न भोजन में व्याप्त अनियमितताओं एवं अव्यवहारिकता को दृष्टिगत रखते हुए, इस योजना के स्थान पर किसी अन्य योजना को लागू करने पर विचार करें। "

51. श्री मदन कौशिक, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण :-

"इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में गन्ना किसानों को गन्ना का उचित मूल्य एवं गन्ना मूल्य का समय पर भुगतान को सुनिश्चित करने कि लिये विधान सभा के सदस्यों की एक समिति का गठन किया जाय जो एक निश्चित समय में अपनी रिपोर्ट देगी।"

52. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरणः-

"उत्तराखण्ड राज्य के गठन के समय राज्य में 95 विकास खण्ड ईकाई गठित थी। आज भी इनकी संख्या 95 ही है।

राज्य गठन के पश्चात् ग्राम सभाओं का लगातार पुनर्गठन किया गया है तथा ग्राम सभाओं की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। राज्य गठन के पश्चात् नवीन तहसील स्थापित करने का कार्य भी हुआ है। नये राज्य में विधान सभा क्षेत्र भी बढ़ कर 70 हो गये हैं।

इन परिवर्तनों के कारण एक विकास खण्ड एक से अधिक विधान सभा क्षेत्रों में विभाजित हो गया है, जिससे नियोजन एवं विकास के कार्यों में भ्रान्तियां उत्पन्न हो रही हैं। एक विकास खण्ड के एक से अधिक तहसीलों में विभाजित होने के कारण प्रशासनिक दृष्टि से भी भ्रान्तियां उत्पन्न हो रही हैं।

विकास की मूलभूत ईकाई विकास खण्ड के पुनर्गठन का कार्य न होने के कारण छोटे राज्य के निर्माण के मूल लक्ष्य, विकास से सुदूर क्षेत्र का नजदीकी सम्बन्ध की अवधारणा पूरी नहीं हो पा रही है।

शासन स्तर पर विकास खण्ड पुनर्गठन के विषय को यह कहकर लम्बित रखा जा रही है कि योजना आयोग भारत सरकार इसके लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं करा रहा है तथा राज्य सरकार द्वारा "जल समेट क्षेत्र पर आधारित विकास खण्ड पुनर्गठन का प्रस्ताव योजना आयोग या वित्त आयोग या केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने सम्बन्धी।"

53. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरणः-

"प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत प्रदेश में आपदा की स्थिति से निपटने के लिये विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाय जो निश्चित समय के अन्दर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी"

54. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरणः-

"प्रदेश में आयी भीषण आपदा के बाद प्रदेश की चार धाम यात्रा में घटती यात्रियों की संख्या एवं पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों के घटते आकर्षण के दृष्टिगत प्रदेश में यात्रियों को आकर्षित करने तथा देश की जनता का प्रदेश के प्रति घटते विश्वास को प्राप्त करने के लिये एक कार्ययोजना बनायी जाय"

55. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा नियम-54 की निम्नलिखित सूचना का प्रस्तुतीकरणः-

"प्रदेश के धार्मिक महत्व को देखते हुए प्रदेश में किसी धार्मिक उद्देश्य से बनाये गये ट्रस्ट/सोसाईटी अथवा समिति द्वारा चलाये जा रहे मठ/मन्दिर/आश्रम पर राज्य सरकार द्वारा पानी/बिजली/सीवरेज/हाउस टैक्स आदि शुल्क को समाप्त कर दिया जाय।"

56. नियम 53 के अन्तर्गत सूचनाएं, यदि कोई हों।

57. विधान सभा क्षेत्र लक्सर के अन्तर्गत ग्राम भोगपुर से बालावाली तक गंगा नदी बने बांध की मरम्मत करने संबंध में श्री संजय गुप्ता, सदस्य, विधान सभा द्वारा दिनांक 13 मार्च, 2015 को दी गई सूचना पर, सिंचाई मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत वक्तव्य।

58. पी0एच0डी0 धारकों के नेट की अनिवार्यता करने के फलस्वरूप नौकरी से वंचित रह जाने के कारण व्याप्त असंतोष के संबंध में श्री पुष्कर सिंह धामी, सदस्य विधान सभा द्वारा दिनांक 13 मार्च, 2015 को दी गई सूचना पर, उच्च शिक्षा मंत्री का नियम-53 के अन्तर्गत केवल वक्तव्य।

आज्ञा से,

(जगदीश चन्द्र)
सचिव।

देहरादून :
दिनांक : 15 मार्च, 2015

प्रथम सत्र, 2015
का प्रथम सोमवार

उत्तराखण्ड विधान सभा

# उत्तराखण्ड विधान सभा

# की कार्यसूची

## सोमवार, 25 फाल्गुन, शक संवत्, 1936

## ( दिनांक : 16 मार्च, 2015 )

## नत्थी "क"

## अल्पसूचित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री मालचन्द<br>03.03.2015 | **क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि जनपद उत्तरकाशी के विधान सभा क्षेत्र पुरोला के नगदी फसलों, फलों के संरक्षण के लिए शीत गृह की कोई व्यवस्था न होने के कारण काश्तकारों को फसलों एवं फलों का समय पर उचित मूल्य नहीं मिल पाता है ? यदि हां, तो क्या सरकार नौगांव, पुरोला, नैटवाड एवं आराकोट में शीत गृह बनाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |

## नत्थी 'ख'

## तारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>18.02..2015 | *01. क्या वैकल्पिक ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश सरकार द्वारा वित्तीय वर्ष 2014–15 के अन्तर्गत सौर ऊर्जा कार्यक्रम के योजनागत योजनाओं से प्रदेशवासियों को लाभान्वित किया जा रहा है ? यदि हां, तो किन किन जनपदों को किन किन योजनागत योजनाओं से लाभान्वित किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | वैकल्पिक ऊर्जा |
| श्री हरबंस कपूर<br>18.02..2015 | *02. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद देहरादून के कैण्ट विधानसभा के अन्तर्गत बल्लीवाला चौक एवं बल्लूपुर चौक पर फ्लाई ओवर का निर्माण कार्य डेढ वर्ष से भी अधिक समय से गतिमान है ? यदि हां, तो मा0 मुख्यमंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि निर्माण कार्य में हो रहे अनावश्यक विलम्ब के लिए क्या कार्यदायी संस्था पर कोई आर्थिक या अनुशासनात्मक कार्यवाही हो रही है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री मयूख महर<br>18.02..2015 | *03. क्या आबकारी मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में किसी भी शहर/कस्बे में शराब की दुकान खोलने हेतु क्या मानक निर्धारित है तथा पिथौरागढ़ शहर/ नगर पालिका के अन्तर्गत में कितनी शराब की दुकानें हैं और कितने बार है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे उक्त सभी दुकानें विभागीय नियमों को पूर्ण करते हैं ? यदि हां तो प्रत्येक दुकान व बार से निकटतम स्कूल, पूजास्थल, सार्वजनिक स्थल की दूरी बतायें ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि विभाग द्वारा मानकों को पूरा न करने वाले संस्थानों को किस नियम के तहत स्वीकृति दी गयी है तथा विभाग मानकों को पूर्ण न करने वाली दुकानों पर नियमानुसार कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आबकारी |
| श्री मयूख महर<br>18.02..2015 | *04. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ़ में थल पिथौरागढ मोटर मार्ग में ए0डी0बी0 आपदा के माध्यम से कार्य किया जा रहा है ? यदि हां, तो उक्त कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त मोटर मार्ग में ए0डी0बी0 द्वारा चौड़ीकरण व सुधारीकरण का कार्य भी चल रहा है ? यदि हां तो उक्त कार्य हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत है ? क्या मा0 मंत्री जी यह बतायेंगे कि एक ही मार्ग पर दो–दो कार्यदायी संस्थाओं से एक ही कार्य कराया जा रहा है अगर हां तो इससे कार्य में वित्तीय अनियमितता होने की प्रबल संभावना को दृष्टिगत रखते हुए विभाग क्या प्रयास करेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री राजकुमार ठुकराल<br>18.02..2015 | *05. क्या कृषि मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य के तराई व कुमाऊं के पर्वतीय क्षेत्र के किसानों के हित में सरकार द्वारा रूद्रपुर में बड़ी खाद्यान उपज हेतु बनाई जाने वाली हाईटेक टर्मिनल खाद्यान्न मंडी निर्माण हेतु 50 एकड़ भूमि 87 नैनीताल दिल्ली राष्ट्रीय राजमार्ग तक प्रदान की गई थी ? यदि हां, तो उक्त मण्डी का निर्माण बिल्कुल बन्द कर दिये जाने के क्या कारण है तथा खाद्यान्न मण्डी का निर्माण कब तक कराया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | कृषि |

| | | | |
|---|---|---|---|
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.02..2015 | *6. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के सभी पर्वतीय जिलों में विभाग की अनदेखी के कारण सैकड़ों स्वीकृत मोटर मार्गों की वनभूमि के प्रस्ताव नियमों के आधार पर न बनाये जाने के कारण भारत सरकार की वन भूमि की स्वीकृति नहीं मिल पाने से मोटर मार्गों का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है और सरकार द्वारा जनहित के महत्वपूर्ण विषय पर कोई कार्यवाही नहीं की जा रही है ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि 05 है0 तक वन भूमि की स्वीकृति राज्य सरकार स्तर पर ही प्राप्त हो इस हेतु केन्द्र सरकार द्वारा सहमति प्रदान करने के उपरान्त भी वन भूमि की स्वीकृतियां राज्य सरकार स्तर पर नहीं दी जा रही है ? यदि हां, तो क्या राज्य सरकार 05 है0 तक वन भूमि की स्वीकृति शीघ्र प्रदान करने के साथ ही 05 है0 से अधिक वन भूमि में पड़ने वाले मोटर मार्गों के प्रस्ताव शीघ्र भारत सरकार को स्वीकृति हेतु भेजेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.02..2015 | *7. | क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में आपदा के तहत हुए नुकसान का आकलन क्षेत्रीय बंटवारे की रिपोर्ट के आधार पर तय करके किया जाता है और विशेषज्ञता के अभाव में वह उचित मूल्यांकन नहीं कर पाते जिस कारण आपदा ग्रस्त को उसका सही लाभ नहीं मिल पाता ? क्या सरकार इस हेतु कोई उचित प्रकिया अपनायेगी ? यदि हां, तो क्या और कब ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>19.02..2015 | *8. | क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में सड़क मार्गों पर डामरीकरण कराने हेतु पत्थर, रेता व अन्य सामग्रियों हेतु स्थानीय मैटिरियल के अनुसार रेट दिये या तय किये जाते हैं, जबकि स्थानीय स्तर पर सरकार द्वारा इसकी कोई व्यवस्था नहीं है ? यदि हां, तो क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि इसी कारण कई मोटर मार्गों के डामरीकरण हेतु ठेकेदारों द्वारा निविदाओं में प्रतिभाग नहीं किया जा रहा है और कार्य रूके हुये हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार इस हेतु कोई नीति निर्धारित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री नवप्रभात<br>19.02..2015 | *09. | क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि सचिव, अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग, उत्तराखण्ड द्वारा राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग, भारत सरकार से प्रदेश की पिछड़ी जातियों को केन्द्रीय सूची में सम्मिलित करने का प्रस्ताव भेजा गया है ? यदि हां, तो कब ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि प्रस्ताव में कौन–कौन सी जातियों की संस्तुति की गई है तथा राष्ट्रीय आयोग ने किस किस जाति को स्वीकृति प्रदान की है तथा जिन जातियों को स्वीकृति नहीं मिली, उनके विषय में सरकार ने क्या कार्यवाही की है ? | समाज कल्याण |
| श्री मदन कौशिक<br>19.02..2015<br>श्री हीरा सिंह बिष्ट<br>19.02..2015 | *10. | **न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या पुनर्गठन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य बनने के पश्चात उत्तराखण्ड राज्य एवं पूर्ववर्ती प्रदेश के बीच किन परिसम्पत्तियों का बंटवारा नहीं हो पाया है तथा इसके क्या कारण हैं ? क्या मंत्री यह भी बतायेंगे कि परिसम्पत्तियों के बंटवारे हेतु सरकार द्वारा अभी तक क्या प्रभावी योजना बनाई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पुनर्गठन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री राजकुमार ठुकराल 19.02..2015 | *11. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के जिला मुख्यालय रूद्रपुर में ग्रीष्म काल में प्रतिदिन आठ से दस घण्टे की अघोषित विद्युत कटौती किये जाने के क्या कारण हैं ? क्या सरकार रूद्रपुर विधान सभा क्षेत्र को विद्युत कटौती से मुक्त करवाने हेतु रूद्रपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत 33 के0वी0 के दो विद्युत उपसंस्थानों का निर्माण करने की कार्यवाही करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री हीरा सिंह बिष्ट 19.02..2015 | *12. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आर0टी0ओ0) देहरादून में भारी संख्या में फर्जी नवीनीकरण हुये हैं ? यदि हां, तो कितने और कब ? क्या संबंधित अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही हुई है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री मालचन्द 19.02..2015 | *13. क्या उद्यान मंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड में विगत 50 वर्षों से आज तक रॉयल सेब का ही उत्पादन हो रहा है जबकि हमारे निकटवर्ती हिमाचल प्रदेश में चाईना एवं अमेरिका की प्रजातियों का सेब उत्पादित हो रहा है जिसका बाजार भाव रॉयल सेब से लगभग 4 गुना होता है एवं भण्डारण क्षमता एवं उत्पादन भी अधिक होता है ? क्या सरकार विदेशों से आयात कर उन्नत किस्म के पौधे काश्तकारों को वितरित/टिसू कल्चर की पौधशाला तैयार करने, प्रोत्साहित एवं प्रशिक्षण देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | उद्यान |
| श्री मालचन्द 19.02..2015 | *14. क्या परिवहन मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा पुरोला के अन्तर्गत नौगांव, पुरोला, मोरी में बस स्टेंडों की मांग क्षेत्रवासियों द्वारा काफी समय से की जा रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार जनहित में इन तीनों बस स्टेंडों का निर्माण करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | परिवहन |
| श्री राजकुमार ठुकराल 20.02..2015 | *15. क्या पर्यावरण मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र रूद्रपुर में सिडकुल उद्योगों का दूषित जल कल्याणी नदी में जाता है जिससे नदी का जल भी दूषित होता है, वहां आस पास के बच्चे रोगग्रस्त हो रहे हैं ? क्या सरकार प्रदूषण बोर्ड से मिलकर इसके समाधान हेतु कोई रूपरेखा तैयार कर उद्योगों के दूषित जल की निकासी के संदर्भ में सरकार कोई विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | पर्यावरण |
| कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन" 20.02..2015 | *16. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र खानपुर (32) हेतु विगत दो वर्ष पूर्व मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 181/2013 के अन्तर्गत 10 राजकीय नलकूप का निर्माण सिंचाई विभाग के द्वारा कर दिया गया है लेकिन ऊर्जाकरण हेतु धनराशि उपलब्ध करा दिये जाने के उपरान्त भी ऊर्जा विभाग द्वारा उक्त का ऊर्जीकरण नहीं किया जा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त 10 राजकीय नलकूपों का ऊर्जीकरण शीघ्र सुनिश्चित करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |

| | | |
|---|---|---|
| श्री दलीप सिंह रावत<br>20.02..2015 | *17. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य सम्पत्ति के अधीन दिल्ली में स्थित उत्तराखण्ड निवास एवं उत्तराखण्ड सदन के अधिकारी एवं कर्मचारी क्या उत्तराखण्ड सेवा नियमावली के अन्तर्गत आते हैं ? यदि हां, तो उक्त कर्मचारियों के स्थानान्तरण की क्या नीति है ? क्या यह सच है कि उत्तराखण्ड सदन/उत्तराखण्ड निवास में कार्यरत कर्मचारी विगत कई वर्षों से एक ही स्थान पर कार्यरत हैं ? यदि हां, तो इनके स्थानान्तरण न होने के क्या कारण हैं ? | **राज्य सम्पत्ति** |
| श्री मदन कौशक<br>20.02..2015 | *18. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश में एस0सी0पी0 योजना के अन्तर्गत प्राप्त प्रस्ताव स्वीकृत करने की कोई नीति है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री नवप्रभात<br>20.02..2015 | *19. **न्यायालय के विचाराधीन होने के आधार पर निरस्त।**<br>क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि दिनांक 02.06.2010 को कार्यालय आदेश द्वारा अपर सचिव, ऊर्जा की अध्यक्षता में गठित मनेरी भाली परियोजना जांच समिति द्वारा अपना प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया था ? यदि हां, तो कब तथा जांच के निष्कर्ष क्या थे ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि दिनांक 19.12.2010 को यह जांच, आयुक्त गढ़वाल मण्डल से कराने का निर्णय क्यों लिया गया ? क्या आयुक्त गढ़वाल मण्डल द्वारा यह जांच पूरी कर ली गयी है तथा उसके निष्कर्ष क्या है ? | ऊर्जा |
| श्री नवप्रभात<br>20.02..2015 | *20. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून के अन्तर्गत लखवाड़ व्यासी जल विद्युत परियोजना के निर्माण के लिये नेशनल हाइड्रो पावर कारपोरेशन के साथ कोई अनुबन्ध किया गया था ? यदि हां, तो यह कार्य नेशनल हाइड्रो पावर कारपोरेशन से कब तथा किन कारणों से वापस लिया गया तथा किस संस्था को हस्तान्तरित किया गया है ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इस परिवर्तन के कारण योजना के निर्माण में कितना विलम्ब हुआ तथा राज्य को कितनी हानि हुई ? | **ऊर्जा** |

## अतारांकित प्रश्न

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी<br>18.02.2015 | 1. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र खटीमा के बनबसा स्थित शारदा पावर हाउस पर बाईपास चैनल बनाये जाने की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री मयूख महर<br>18.02.2015 | 2. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि वि0स0 क्षेत्र पिथौरागढ के अन्तर्गत कुल कितने गांव/तोक एस0सी0पी0 के अन्तर्गत आते हैं तथा इनमें प्रत्येक गांव को वर्ष 2000 से अब तक एम0सी0 पी0 मद से वर्षवार कितना धन किस किस मद के लिए आवंटित हुआ है ? | **समाज कल्याण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मयूख महर<br>18.02.2015 | 3. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि पिथौरागढ डिपो के पास कुल कितनी बसें हैं, इनमें से कितनी बसें संचालित की जाती है और कितनी नहीं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि वर्ष 2000 से अब तक कितनी बसें प्रतिवर्ष पिथौरागढ डिपो को आवंटित की गयी तथा इनमें से कितनी बसें पिथौरागढ़ डिपो से संचालित होती है और कितनी बसें अन्य डिपो से ? क्या सरकार पिथौरागढ़ डिपो की आवंटित बसों को डिपो से संचालित करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्री मयूख महर<br>18.02.2015 | 4. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पिथौरागढ़ हेतु वर्ष 2000 से अब तक कुल कितने मोटर मार्गों की स्वीकृति प्राप्त हुयी है तथा प्रत्येक मोटर मार्ग हेतु स्वीकृत धन तथा कार्य पूर्ण करने की तिथि व उनकी वर्तमान स्थिति का वर्ष वार ब्यौरा उपलब्ध सदन के पटल पर रखेंगे ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि इनमें से कितने ऐसे मोटर मार्ग हैं जो निर्धारित समय में पूर्ण हो चुके हैं और उनमें यातायात प्रारम्भ हो चुका है तथा जिन मार्गों को पूर्ण नहीं किया जा सका है उनको पूर्ण न कर पाने के क्या कारण थे तथा निकट भविष्य में कब तक उनको पूर्ण कर लिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>18.02.2015 | 5. क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विगत 05 वर्षों से नियत वेतन पर एवं इससे अधिक समय से लोक निर्माण विभाग में कम्पयूटर ऑपरेटर कार्यरत हैं जिनके द्वारा विगत लम्बे समय से विनियमितिकरण की मांग भी की जा रही है ? क्या यह सत्य है कि शासन द्वारा वर्ष 2013 में विनियमितिकरण नियमावली 2013 बनाये जाने के उपरान्त भी इन कार्मिकों का विनियमितिकरण अभी तक नहीं किया गया है ? क्या सरकार इन कार्मिकों का विनियमितिकरण अभी तक नहीं किया गया है ? क्या सरकार इन कार्मिकों को विनियमितिकरण नियमावली 2013 से अच्छादित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल<br>18.02.2015 | 6. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा विकास कार्यों हेतु वर्ष 2013 से अब तक की गयी घोषणाओं का सम्पूर्ण विवरण क्या है एवं कितनी घोषणाओं का कार्य पूर्ण हो चुका है तथा कितनी घोषणाओं का कार्य अभी लम्बित है/प्रारम्भ नहीं किया गया है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल<br>18.02.2015 | 7. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी विधान सभा क्षेत्र यमकेश्वर के अन्तर्गत पीपलडंगा–भृगुखाल मोटर मार्ग 2005 में 02 कि0मी0 स्वीकृत किया गया था ? क्या मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि उपरोक्त मार्ग का निर्माण कार्य ग्राम निसणी तक पूरा कर दिया गया है ? यदि नहीं, तो मार्ग के लिए स्वीकृत धनराशि का क्या उपयोग किया गया ? क्या सरकार उपरोक्त मोटर मार्ग के निर्माणकार्य की जांच करायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| हाजी सरवत करीम अंसारी 18.02.2015 | 8. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जिला हरिद्वार में नगर पालिका परिषद मंगलौर में शासन द्वारा विद्युत उपकेन्द्र स्थापित करने की घोषणा तथा उक्त उपकेन्द्र हेतु भूमि का भी अधिग्रहण हो चुकने के उपरान्त अभी तक उपकेन्द्र का निर्माण नहीं हो सका है ? क्या सरकार नगर पालिका मंगलौर में विद्युत उपकेन्द्र यथाशीघ्र स्थापित करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| हाजी सरवत करीम अंसारी 18.02.2015 | 9. क्या अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि भारत सरकार की योजना एस0पी0क्यू0ई0एम0 के अन्तर्गत प्रदेश के मदरसों में कार्यरत अध्यापकों का मानदेय भारत सरकार से प्राप्त हो चुका है ? यदि हां, तो क्या सरकार वर्ष 2013–14 एवं 2014–15 में किन किन मदरसों हेतु कितनी धनराशि प्राप्त हुयी है का विवरण सदन के पटल पर रखेगी ? | अल्पसंख्यक कल्याण |
| श्री दलीप सिंह रावत 18.02.2015 | 10. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने गांव/तोक विद्युतीकरण से वंचित हैं उनका पूर्ण विवरण क्या है ? क्या उक्त वंचित गावों को विद्युतीकरण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री दलीप सिंह रावत 18.02.2015 | 11. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि प्रा0ख0 दुगड्डा पौड़ी गढवाल ढौंटियाल चपड़ेत बसड़ा मार्ग के प्रथम 02 कि0मी0 के पक्कीकरण हेतु उक्त सड़क लो0नि0वि0 को हस्तान्तरित करने हेतु क्या कार्यवाही की जा रही है ? क्या उक्त सड़क लो0नि0वि0 को हस्तान्तरित की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री गणेश जोशी 19.02.2015 | 12. **प्रथम मंगल के अता0 35 में स्थाना0**<br>क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि राज्य विधान सभा के सदस्यों के साथ निजी स्टाफ को निसंवर्गीय वेतनमान प्रदत्त नहीं किया जाता है ? यदि हां, तो मुख्यमंत्री राज्य विधान सभा के सदस्यों के निजी स्टाफ हेतु निसंवर्गीय वेतनमान जारी करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सचिवालय प्रशासन |
| श्री पूरन सिंह फर्त्याल 19.02.2015 | 13. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के विधान सभा क्षेत्र लोहाघाट के अन्तर्गत नेपाल सीमा से लगी ग्राम पंचायत विविल के पन्थ्यूड़ गांव एवं जनपद पिथौरागढ़ के अन्तर्गत ग्राम पंचायत सल्ला चिंगारी के मध्य सरयू नदी पर झूला पुल निर्माण कराये जाने हेतु क्षेत्रीय जनता लम्बे समय से मांग कर रही है ? क्या सरकार सरयू नदी पर झूला पुल निर्माण कराये जाने हेतु वित्तीय स्वीकृति प्रदान करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री विशन सिंह चुफाल 19.02.2015 | 14. **विस्तीर्णता के आधार पर निरस्त।**<br>क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से जनवरी 2010 से दिसम्बर 2014 तक वर्षवार कुल कितना स्वीकृत किये गये धन का जनपदवार सम्पूर्ण विवरण क्या है ? क्या मा0 मुख्यमंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि प्रदेश से बाहर उपचार हेतु अस्पतालों को कितना धन स्वीकृत किया गया है तथा उक्त का वर्षवार विवरण क्या है ? | मुख्यमंत्री कार्यालय |

| | | |
|---|---|---|
| श्री विशन सिंह चुफाल 19.02.2015 | 15. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के पुरानाथल–तड़ीगांव मोटर मार्ग में राम गंगा नदी में तडीगाव के पास मोटर पुल स्वीकृत है ? यदि हां, तो पुल कब स्वीकृत हुआ तथा पुल के निर्माण की कार्य प्रगति क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री ललित फर्स्वाण 19.02.2015 | 16. क्या जलागम मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत आई0डब्ल्यू0एन0पी योजना में उच्च हिमालयी क्षेत्र की बोरबलड़ा, कुवांरी, ग्राम पंचायतों के स्थान पर जिला चमोली की ग्राम पंचायत तोर्ती व चचई को शामिल किया गया है ? यदि हां, तो जनपद बागेश्वर की ग्राम पंचायत बोरबलड़ा व कुवांरी को योजना से वंचित किये जाने का क्या कारण है ? | जलागम |
| श्री हरबंस कपूर 19.02.2015 | 17. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि देहरादून के बल्लीवाला चौक एवं बल्लूपुर चौक पर निर्माणधीन फ्लाईओवर का कार्य कब शुरू हुआ था और इसे कब तक पूर्ण होना था ? | लोक निर्माण |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 19.02.2015 | 18. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार में ज्वारना–बंगियाल मोटर मार्ग का अवशेष कार्य किस स्तर पर है एवं उसकी निविदा कब तक आमंत्रित की जायेगी तथा इस मोटर मार्ग का कार्य कब तक प्रारम्भ हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 19.02.2015 | 19. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार में सरकार कटखेत–चापड़ा मोटर मार्ग की स्वीकृति देने विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 19.02.2015 | 20. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार में सैनसारी–नवागांव–मजकोट मोटर मार्ग के अवशेष कार्य की स्वीकृति देने का कार्य किस स्तर पर है क्या सरकार इसकी स्वीकृति एवं निर्माण कार्य करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक निर्माण कार्य शुरू हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्रीमती विजय बड़थ्वाल 19.02.2015 | 21. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद पौड़ी गढवाल के तोक/गांव, राजीव गांधी राष्ट्रीय विद्युतीकरण योजना से वंचित है ? मंत्री जी बताने का कष्ट करेंगे कि विकास खण्ड दुगड्डा, विकास खण्ड द्वारीखाल एवं विकास खण्ड यमकेश्वर में विद्युतीकरण से वंचित गावों की संख्या क्या है ? क्या सरकार 2015 तक इन सभी गावों का विद्युतीकरण करवा देगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री मालचन्द 19.02.2015 | 22. क्या लो0नि0 मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड के पर्वतीय क्षेत्रों में सडक निर्माण किस ग्रेड के अनुसार होता है ? क्या सरकार हिमाचल प्रदेश के ग्रेड के अनुसार सरकार राज्य को सड़कों का निर्माण करने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री मालचन्द<br>19.02.2015 | 23. क्या आपदा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा पुरोला के अन्तर्गत आपदाग्रस्त गांव कलाप, नुराणू, बिगराडी, सरबडियार, ओसला, पावणी, गंगाड, ढाटमीर, सरबडियार का विस्थापन कब तक किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | **आपदा** |
| श्रीमती अमृता रावत<br>19.02.2015 | 24. क्या परिवहन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढ़वाल के अन्तर्गत कोटद्वार–नौगावंखाल–सुरखेत–तुनाखाल–थापला मोटर मार्ग पर उत्तराखण्ड परिवहन अनुभाग–2 के उपसचिव के पत्र संख्या 32/2014/IX/2013 दिनांक 07 अप्रैल, 2014 के द्वारा प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड परिवहन निगम देहरादून को लिखा गया है ? यदि हां, तो प्रबन्ध निदेशक उत्तराखण्ड परिवहन निगम द्वारा की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा कब से उपरोक्त मोटर मार्ग पर बस सेवा का संचालन प्रारम्भ किये जाने की संभावना है ? | **परिवहन** |
| श्री राजकुमार ठुकराल<br>20.02.2015 | 25. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि रूद्रपुर विधान सभा क्षेत्र में पिछले डेढ वर्षों से किसी भी सडक का निर्माण कार्य हेतु निविदा नहीं हुई है ? यदि हां, तो खराब सड़कों का सुधार किये जाने हेतु सरकार कोई रूप रेखा तैयार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मालचन्द<br>20.02.2015 | 26. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र पुरोला के अन्तर्गत विगत वर्षों में नवनिर्मित मोटर मार्गों पर यातायात चलाने हेतु सम्भागीय परिवहन विभाग द्वारा अनुमति दिलाने हेतु कार्यवाही की गयी है अथवा नहीं ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | **लोक निर्माण** |
| श्री मालचन्द<br>20.02.2015 | 27. क्या नागरिक उड्डयन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि हरकीदून, केदारकाण्ठा, बराडसर, सरताल आदि क्षेत्रों में पर्यटक सुविधाओं हेतु हैलीपैड एवं मोटर मार्ग से वंचित सीमान्त क्षेत्र के लिवाड़ी, फिताड़ी, गंगाड़, ओसला, सरबडियार आदि क्षेत्रों में आपदा एवं आपातकाल के दौरान तत्काल सहायता हेतु हैलीपैड का निर्माण करने की कोई योजना है ? यदि हां, तो कब तक हैलीपैड का निर्माण किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **नागरिक उड्डयन** |
| श्री दलीप सिंह रावत<br>20.02.2015 | 28. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य सम्पत्ति के अधीन उत्तराखण्ड में स्थित विभिन्न अतिथि गृहो का शुल्क बढा दिया गया है ? यदि हां, तो उनका विवरण क्या है ? क्या मा0 मुख्यमंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि उक्त अतिथि गृहों में उत्तराखण्ड के मा0 विधायकों को निवास करने पर शुल्क में कोई छूट दी जायेगी ? यदि हां, तो उसका विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **राज्य सम्पत्ति** |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल<br>20.02.2015 | 29. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि एन0एच0 72 मुख्य मार्ग से रायवाला प्रतीतनगर आन्तरिक मार्गों की हालत अत्यन्त जीर्ण शीर्ण है जिस कारण दुर्घटनायें हो रही हैं ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त मार्गों के निर्माण की कार्यवाही प्रारम्भ करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री ललित फर्स्वाण 21.02.2015 | 30. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि विद्युत भण्डार खण्ड हल्द्वानी व उपखण्ड भण्डार अल्मोड़ा में कितने ट्रान्सफार्मर गारन्टी/वारन्टी समयावधि के पड़े हैं ? क्या मंत्री जी यह भी अवगत हैं कि इससे सरकार को राजस्व हानि हो रही है ? यदि हां, तो क्या सरकार हानि के लिए जिम्मेदार लोगों के विरूद्ध कार्यवाही करेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री पुष्कर सिह धामी 21.02.2015 | 31. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि उत्तराखण्ड सचिवालय में जनवरी 2012 के बाद अनुभाग अधिकारी पद पर पदोन्नति प्राप्त कुछ कर्मियों के वेतन/वेतनवृद्धि के माह का निर्धारण वित्तीय नियम संग्रह खण्ड–2 भाग–2 से 4 तक के मूल नियम 22 ए व 22 बी के अन्तर्गत निर्धारित किया गया है ? यदि हां, तो क्या इन नियमों में वेतन/वेतनवृद्धि का माह चयन हेतु विकल्प की व्यवस्था है ? क्या यह भी सत्य हैं कि इस अवधि से अनुभाग अधिकारी पद पर पदोन्नति होने पर दूसरे कुछ कर्मियों के वेतन/वेतनवृद्धि का माह वित्त विभाग के शासनादेश संख्या 395/सत्ताईस(7)2008, दिनांक 17.10.2008 के प्रस्तर–12 व 27/सत्ताईस(7)2009, दिनांक 13.02.2009 के प्रस्तर 04 के अनुसार निर्धारित किया गया है ? क्या इन शासनादेशों में पदोन्नति का माह चयन करने हेतु कार्मिकों को विकल्प की सुविधा दी गई है ? यदि नहीं, तो एक कार्मिक को दूसरे की भांति विकल्प की सुविधा न दिया जाना किस नियम के अन्तर्गत उचित है ? क्या यह सत्य है कि वर्णित शासनादेश दिनांक 17.10.08 व 13.02.09 के अनुसार वेतन/वेतनवृद्धि का माह निर्धारित किये गये अनुभाग अधिकारी अपने से कनिष्ठ व मूल नियमों के आधार पर वेतन/वेतनवृद्धि प्राप्त अनुभाग अधिकारियों से कम वेतन पा रहे हैं ? वर्णित अलग अलग तरीके से वेतन/वेतनवृद्धि का माह निर्धारित किया जाना किन नियमों के अन्तर्गत उचित है ? क्या वेतन विसंगति से ग्रस्त अनुभाग अधिकारियों का त्रुटिपूर्ण वेतन/वेतनवृद्धि का माह भी अन्य की भांति मूल नियमों के अनुसार निर्धारित किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | सचिवालय प्रशासन |
| श्री प्रेम चन्द अग्रवाल 21.02.2015 | 32. **प्रथम बुधवार के अता0 54 में स्थाना0**<br>क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि 1984 दंगों के दौरान प्रदेश के देहरादून, ऋषिकेश व अन्य क्षेत्रों में सिक्ख समुदाय की जन धन की भारी हानि हुई थी ? यदि हां, तो क्या सरकार प्रभावित लोगों को मुआवजा देने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | मुख्यमंत्री कार्यालय |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 21.02.2015 | 33. **तृतीय सोमवार के अता0 01 में स्थाना0**<br>क्या आपदा प्रबन्धन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में दैवीय आपदा 2013–14 के अन्तर्गत लो0नि0वि0 अस्थायी खण्ड खत्यूड जौनपुर टिहरी गढवाल में 81 निविदा निकाले व डाले गये इसमें मात्र 13 निविदा के ही अनुबन्ध किये गये व 68 निविदा के लिए अभी तक धन उपलब्ध नहीं किया गया है ? यदि हां, तो क्या सरकार धन उपलब्ध कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | आपदा प्रबन्धन |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 21.02.2015 | 34. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार में ठांगधार–थौलधार मोटर मार्ग को वन विभाग द्वारा स्वीकृति देने पर विचार हो रहा है ? यदि हां, तो कब तक मोटर मार्ग का सर्वे कराकर स्वीकृति मिल जायेगी ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 21.02.2015 | 35. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार की ग्राम पंचायत क्यूलागी के राजस्व ग्राम भट्टगांव एवं पिपली में विगत दो वर्षों से विद्युत व्यवस्था सुचारू नहीं है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ग्राम की विद्युत व्यवस्था सुचारू करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 21.02.2015 | 36. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार में लालूरी–घियाकोटी–क्यारधा चली मोटर मार्ग के अवशेष भाग को वन विभाग द्वारा स्वीकृति देने का कार्य किस स्तर पर है एवं उसकी निविदा कब तक आमंत्रित की जायेगी ? क्या सरकार इसकी स्वीकृति देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 21.02.2015 | 37. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी में मैण्डखाल–साबली मोटर मार्ग के अवशेष भाग को वन विभाग द्वारा स्वीकृति देने का कार्य किस स्तर पर है एवं उसकी निविदा कब तक आमंत्रित की जायेगी ? क्या सरकार इसकी स्वीकृति देने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 21.02.2015 | 38. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की सहसपुर विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत कितने ग्राम/मजरे हैं जो कि विद्युतीकरण से वंचित हैं तथा इसके क्या कारण हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त छूटे हुए ग्रामों/मजरों का विद्युतीकरण किया जाना प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री सहदेव सिंह पुण्डीर 21.02.2015 | 39. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद देहरादून की विधान सभा क्षेत्र सहसपुर के अन्तर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में लो–वोल्टेज की समस्या एवं क्षेत्र में विद्युत लाईनों में पोल भी लगाने की आवश्यकता है तथा पोल की कमी के कारण तार लटके रहते हैं व कभी भी दुर्घटना घट सकती है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि उक्त समस्या से निजात दिलाये हेतु सब स्टेशन लगाये जाने की कार्यवाही प्रस्तावित है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री दलीप सिंह रावत 21.02.2015 | 40. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत मेलधार सिदपुर (रिखणीखाल) एवं पलीव गांव जो कि भूस्खलन से पूरी तरह क्षतिग्रस्त है के विस्थापन हेतु क्या कोई कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **आपदा प्रबन्धन** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री[illegible]लीप सिंह रावत<br>21.02.2015 | 41. क्या ऊर्जा मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विकासखण्ड नैनीडांडा पौड़ी गढवाल के अन्तर्गत ग्राम झुडंगु में विद्युतीकरण न होने के क्या कारण हैं ? क्या उक्त गांव में विद्युतीकरण किया जायेगा ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री सुरेन्द्र सिंह जीना<br>21.02.2015 | 42. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि प्रदेश के पर्वतीय क्षेत्रों में वन भूमि स्वीकृति न मिल पाने के कारण वर्षों से स्वीकृत मोटर मार्गों का निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पा रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार अल्मोड़ा जिले की सल्ट विधान सभा की सभी स्वीकृत मोटर मार्गों पर जिन में वन भूमि स्वीकृत है या वन भूमि नहीं पड़ती जैसे भौनडांडा–मनगांव, बाजखेत–बवाडीत्र किचार, रतखाल–सीमारिष्टना, गोगन्याण–बासीसीम, सनणा–मजआंव–मलिहारी–क्वैरला, इन मोटर मार्गों का शीघ्र निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल<br>21.02.2015 | 43. **स्थगित।**<br>क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के विधान सभा क्षेत्र डीडीहाट के अन्तर्गत फरवरी 2015 तक राज्य व जिला योजना की कुल कितनी सड़कों हेतु वन भूमि की विधिवत स्वीकृति मिली है ? यदि हां, तो क्या उक्त सड़कों में द्वितीय चरण का पैसा अवमुक्त हुआ है ? यदि हां, तो कितने सड़कों में हुआ है का पूर्ण विवरण क्या है ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>21.02.2015 | 44. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में 09 नवम्बर 2000 से वर्तमान तक अन्य पिछड़ा वर्ग को जाति प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु कब कब कितने शासनादेश निर्गत किये गये हैं ? क्या मंत्री जी समस्त शासनादेशों का विवरण उपलब्ध करायेगे ? | **समाज कल्याण** |
| हाजी सरवत करीम अंसारी<br>21.02.2015 | 45. क्या सामान्य प्रशासन मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि उत्तराखण्ड राज्य में 09 नवम्बर, 2000 से वर्तमान समय तक स्थायी निवास प्रमाण पत्र निर्गत किये जाने हेतु कब कब कितने शासनादेश निर्गत किये गये हैं ? क्या मंत्री जी समस्त शासनादेशों का विवरण उपलब्ध करायेंगे ? | **सामान्य प्रशासन** |
| श्री मदन कौशिक<br>23.02.2015 | 46. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से मुख्यमंत्री द्वारा स्वीकृत राशि को किस तारीख तक की स्वीकृति जारी की गयी है ? क्या इस संबंध में कोई नीति बनायी गयी है ? यदि हां, तो क्या ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **मुख्यमंत्री कार्यालय** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़<br>23.02.2015 | 47. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढ़वाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौपनुर में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा रत्वाड़ी–कमान्द–ज्वारना मोटर मार्ग के डामरीकरण की स्वीकृति प्रश्नकर्ता के पत्रांक संख्या 1443 दिनांक 19 फरवरी, 2014 में प्रदान की गयी थी ? यदि हां, तो आज तक इसका शासनादेश जारी नहीं हुआ है ? क्या सरकार शासनादेश जारी करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री पुष्कर सिंह धामी 23.02.2015 | 54. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के बिरिया मझौला से दिया तक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो चुकी सड़क के न बन पाने के क्या कारण हैं तथा बनाये जाने की कोई योजना विचाराधीन है ? यदि हां, तो उक्त सड़कों के निर्माण का कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृता रावत 24.02.2015 | 55 क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत कतिपय मोटर मार्गों के निर्माण हेतु वित्तीय एवं प्रशासनिक स्वीकृति जारी करने के लिए आगणन शासन स्तर पर लम्बित होने के संबंध में मा0 मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड को संबोधित प्रश्नकर्ता के पत्रांक 608/मंत्री/6–निर्माण/2013–14 दिनांक 06 फरवरी, 2014 तथा दिनांक 11 फरवरी, 2014 द्वारा लिखा गया है ? यदि हां, तो उक्त संदर्भित पत्रों में वर्णित मार्गों हेतु प्रस्तुत आगणनों पर की गई कार्यवाही और अब तक हुयी प्रगति का विवरण क्या है तथा कब तक वर्णित मोटर मार्गों का निर्माण किया जायेगा ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 23.02.2015 | 56. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत राष्ट्रीय राजमार्ग 125 से बन रहे बाईपास मार्ग में वर्षों से बने किसानों के घरों एवं खेती आदि को हो रहे नुकसान एवं ध्वस्तीकरण के दृष्टिगत सरकार उनके पुनर्वास हेतु कोई व्यवस्था कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्रीमती अमृत रावत 23.02.2015 | 57. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि राज्य सहायतित "नन्दा देवी कन्या योजना" के संबंध में जारी शासनादेश संख्या 3020/XVII(2)/2010 दिनांक 06 जनवरी, 2011 के क्रियान्वयन हेतु की गई कार्यवाही और उसके परिणामों का विवरण क्या है तथा इस योजना से अब तक लाभान्वित कन्याओं का जनपदवार विवरण क्या है ? क्या मंत्री जी यह भी बतायेंगे कि इस योजना के संचालन पर व्यय की गई धनराशि का जनपदवार विवरण क्या है ? | **महिला सशक्तिकरण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 23.02.2015 | 58. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद पिथौरागढ के भागीचौरा–बगना मोटर मार्ग बीच–बीच में पहाड़ कटिंग का कार्य किन कारणों से रूका हुआ है ? क्या सरकार कटिंग का कार्य करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री विशन सिंह चुफाल 23.02.2015 | 59. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पिथौरागढ के मड़मानले–कठपतिया सड़क में जगह जगह दीवार टूट जाने से मार्ग पर गाड़ियां नहीं चल पा रही है ? क्या सरकार टूटी हुई दीवारों का निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 23.02.2015 | 48. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत पापरा से ओडार्सू मोटर मार्ग का विस्तार (02 कि0मी0) की स्वीकृति प्रश्नकर्ता के पत्रांक संख्या 1440 दिनांक 19 फरवरी, 2014 में प्रदान की गयी थी ? यदि हां, तो आज तक इस मोटर मार्ग का शासनादेश जारी नहीं हुआ है ? क्या सरकार शासनादेश जारी करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 23.02.2015 | 49. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत थापला से सूरीधार मोटर मार्ग के नवनिर्माण (01 कि0मी0) की स्वीकृति प्रश्नकर्ता के पत्रांक संख्या 1440 दिनांक 19 फरवरी, 2014 में प्रदान की गयी थी ? यदि हां, तो आज तक इस मोटर मार्ग का शासनादेश जारी नहीं हुआ है ? क्या सरकार शासनादेश जारी करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 23.02.2015 | 50. क्या मुख्यमंत्री अवगत हैं कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार में मुख्यमंत्री द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत गुगती ढुंगा से कैलाढुंगा मन्दिर तक मोटर मार्ग का नवनिर्माण (03 कि0मी0) की स्वीकृति प्रश्नकर्ता के पत्रांक संख्या 1440 दिनांक 24 फरवरी, 2010 में प्रदान की गयी थी ? यदि हां, तो क्या आज तक इस मोटर मार्ग के नवनिर्माण का शासनादेश जारी नहीं हुआ है ? क्या सरकार शासनादेश जारी करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 23.02.2015 | 51. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड थौलधार में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा मैडखाल–गैर–नगुण मोटर मार्ग के डामरीकरण की स्वीकृति प्रश्नकर्ता के पत्रांक संख्या 1443 दिनांक 19 फरवरी, 2014 में प्रदान की गयी थी ? यदि हां, तो क्या आज तक इस मोटर मार्ग के डामरीकरण का शासनादेश जारी नहीं हुआ है ? क्या सरकार शासनादेश जारी करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री पूरण सिंह फर्त्याल 23.02.2015 | 52. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद चम्पावत के लोहाघाट विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत नेपाल सीमा से लगे कायल तथा अन्य गावों को सड़क मार्ग से जोड़ने हेतु लम्बे समय से जनता मांग कर रही है ? यदि हां, तो कब तक उक्त क्षेत्रों को सड़क मार्ग से जोड दिया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री दलीप सिंह रावत 23.02.2015 | 53. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद पौड़ी गढवाल के लैंसडौन विधान सभा क्षेत्र के अन्तर्गत वर्ष 2010 में बहे खटलगढ थापला (बीरौंखाल) एवं झर्त (रिखणीखाल) पुलों के अभी तक निर्माण न होने के क्या कारण हैं ? क्या विभागीय अधिकारियों के लापरवाहियों के कारण उक्त पुल नहीं बन सके हैं ? यदि हां, तो जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ क्या कोई कार्यवाही की जायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री [illegible]न्द्रशेखर<br>23.02.2015 | 60. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र ज्वालापुर के अन्तर्गत ग्राम–गांजामाजरा के नजदीक रतमऊ नदी पर क्षतिग्रस्त पुल का पुर्ननिर्माण न होने के कारण क्षेत्रवासियों को काफी परेशानी का सामना कराना पड़ रहा है ? क्या सरकार जनहित में पुल का पुर्ननिर्माण कराने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री आदेश चौहान<br>23.02.2015 | 61. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद ऊधमसिंहनगर की तहसील जसपुर के ग्राम अमियावाला में कृषि भूमि खसरा नं0 150, 151 को जाने वाली चकरोड पर 25 के0वी0 का ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है जिस कारण किसानों को खेतों तक जाना तथा खेतों से फसलों को बाहर निकालना कठिन हो रहा है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त ट्रांसफार्मर को अन्यत्र लगाने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री आदेश चौहान<br>23.02.2015 | 62. क्या ऊर्जा मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के ग्राम सुल्तानपुर मजरी में भेल के बेरियर नम्बर 6 के पास सड़क किनारे एक चार पाये वाला बिजली का खम्बा लम्बे समय से जीर्ण शीर्ण है ? यदि हां, तो क्या सरकार उक्त खम्बे को हटाने पर विचार करेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | ऊर्जा |
| श्री संजय गुप्ता<br>23.02.2015 | 63. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लक्सर के अन्तर्गत पथरी नदी पर पड़ने वाले दो पुलों ग्राम सीधडू से ऐथल बुजुर्ग व ग्राम अकौदा खुर्द में शमशान घाट के पास पुल न बनने से क्षेत्रीय ग्रामीण जनता बहुत परेशान है जबकि उसके आगणन शासन में काफी समय से लम्बित है ? क्या सरकार उक्त पुलों का शीघ्र निर्माण करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री संजय गुप्ता<br>23.02.2015 | 64. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद हरिद्वार के विधान सभा क्षेत्र लक्सर के अन्तर्गत विभिन्न सड़कें जर्जर स्थिति में हैं उनके आगणन शासन में लम्बित पड़े हैं ? क्या मंत्री जी यह भी बताने का कष्ट करेंगे कि जो आगणन लम्बे समय से शासन में लम्बित पड़े हैं उनके क्या कारण हैं ? | लोक निर्माण |
| श्री दान सिंह भण्डारी<br>23.02.2015 | 65. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र भीमताल की अति महत्वूपर्ण सड़कें जो आपदा में क्षतिग्रस्त हो गयी है जिनका सर्वे वर्ल्ड बैंक के इंजीनियरों द्वारा किया गया है तथा कुछ सड़कें मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा स्वीकृति देने के बाद भी आज तक कोई कार्यवाही नहीं हो पायी है ? क्या सरकार आपदा में क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण शीघ्र करायेगी ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |
| श्री यतीश्वरानन्द<br>24.02.2015 | 66. क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के ग्रम आदर्श टिहरी नगर भाग–1,2,3,4 में काफी लोग निवास करते हैं जो सभी टिहरी से पलायन करने के बाद पथरी में स्थानान्तिरत कर दिये गये थे लेकिन आज तक इन लोगों के आवागमन हेतु सड़कों की स्थिति काफी दयनीय है ?क्या सरकार आदर्श टिहरी नगर भाग 1,2,3,4 के आन्तरिक व बाह्य मार्गों के निर्माण हेतु कोई ठोस कार्य कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | लोक निर्माण |

| | | |
|---|---|---|
| श्री यतीश्वरानन्द 24.02.2015 | 67. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र हरिद्वार ग्रामीण के ग्राम लालढांग से मिठीबेरी, मंगोलपुरा, बाहरपीली आदि गांवों का सम्पर्क बनाने के लिये रवासन नदी के उपर एक पुल निर्माण कार्य स्वीकृत है लेकिन कई वर्ष बीत जाने के बाद आज तक पुल निर्माण कार्य प्रारम्भ नहीं हो पाया है ? यदि हां, तो क्या सरकार इस पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ करा रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों नहीं ? | **लोक निर्माण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 24.02.2015 | 68. क्या समाज कल्याण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड जौनपुर को क्या ओ0बी0सी0 क्षेत्र घोषित किया गया है ? यदि हां तो क्या आपके संज्ञान में है कि जौनपुर के समीपवर्ती विकास खण्ड थौलधार के निवासियों का रहन सहन, खान–पान में एकरूपता है व उनमें रोटी–बेटी का संबंध है ? क्या प्रश्नकर्ता पत्र सं0 1307 दिनांक 24 अक्टूबर, 2013 द्वारा विकास खण्ड थौलधार को रंवाल्टा जौनपुरी समुदाय की भांति ओ0बी0सी0 क्षेत्र घोषित करने की क्षेत्र की जनता की मांग का प्रत्यावेदन दिया गया था ? यदि हां, तो क्या कार्यवाही की गयी ? क्या सरकार विकास खण्ड थौलधार जनपद टिहरी को ओ0बी0सी0 क्षेत्र घोषित करेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **समाज कल्याण** |
| श्री महावीर सिंह रांगड़ 24.02.2015 | 69. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद टिहरी गढवाल के विधान सभा क्षेत्र धनोल्टी के विकास खण्ड में मा0 मुख्यमंत्री जी द्वारा राज्य योजना के अन्तर्गत खेड़ा तल्ला से खेड़ा मल्ला मोटर मार्ग के नवनिर्माण 2.5 कि0मी0 की स्वीकृति प्रश्नकर्ता के पत्रांक संख्या 1505 दिनांक 23.05.2014 में प्रदान की गयी थी ? यदि हां, तो क्या आज तक उसका शासनादेश जारी नहीं हुआ है ? क्या सरकार शासनादेश जारी करने पर विचार कर रही है ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री ललित फर्स्वाण 24.02.2015 | 70 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत कांडा–भाकड़पन्त मोटर मार्ग में एक कि0मी0 के डामरीकरण की स्वीकृति की घोषणा मा0 मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 279/2014 द्वारा प्रदान की है ? यदि हां, तो डामरीकरण का शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री ललित फर्स्वाण 24.02.2015 | 71 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत कांडा–सनिउडियार–रावतसेरा मोटर मार्ग के कि0मी0 25 से कि0मी0 30 तक डामरीकरण की स्वीकृति की घोषणा मा0 मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 281/2014 द्वारा प्रदान की है ? यदि हां, तो डामरीकरण का शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |
| श्री ललित फर्स्वाण 24.02.2015 | 72 क्या लोक निर्माण मंत्री अवगत हैं कि जनपद बागेश्वर के अन्तर्गत सातचौरा–जल्थाकोट मोटर मार्ग के कि0मी0 पॉच में डामरीकरण की स्वीकृति की घोषणा मा0 मुख्यमंत्री द्वारा घोषणा सं0 284/2014 द्वारा प्रदान की है ? यदि हां, तो डामरीकरण का शासनादेश कब तक जारी किया जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **लोक निर्माण** |

| | | |
|---|---|---|
| कुंवर प्रणव सिंह "चैम्पियन" 24.02.2015 | 73. क्या ऊर्जा मंत्री स्पष्ट करेंगे कि विधान सभा क्षेत्र खानपुर (32) हेतु विगत वर्षों में मुख्यमंत्री घोषणा संख्या 181/2013 एवं घोषणा सं0 128/2014 के अन्तर्गत 10–10 राजकीय नलकूपों का निर्माण सिंचाई विभाग के द्वारा कर दिया गया है लेकिन ऊर्जाकरण हेतु धनराशि उपलब्ध करा दिये जाने के उपरान्त भी ऊर्जा विभाग द्वारा उक्त का उर्जीकरण नहीं किया जा रहा है ? यह जनहित के विरूद्ध है कि ऊर्जा विभाग की अकर्मण्यता के कारण क्षेत्रवासियों को सरकारी योजना के लाभ से वंचित किया जाय ? क्या सरकार उक्त 20 राजकीय नलकूपों का उर्जाकरण शीघ्र सुनिश्चित करायेंगे ? यदि हां, तो कब तक ? यदि नही, तो क्यों ? | **ऊर्जा** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 24.02.2015 | 74. क्या लोक निर्माण मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा के अन्तर्गत सरकार द्वारा वर्ष 2013 एवं 2014 में कितनी क्षतिग्रसत सड़कों का आकलन किया गया है ? यदि हां, तो आंकलित में से कितने सड़कों के निर्माण हेतु कितनी धनराशि आवंटित की गई है तथा कितनी सड़कों का निर्माण पूर्ण हो गया है ? यदि नहीं, तो क्षतिग्रसत सड़कों का आकलन, धनराशि आवंटन एवं निर्माण कार्य न किये जाने के क्या कारण हैं ? | **लोक निर्माण** |
| श्री पुष्कर सिंह धामी 24.02.2015 | 75. क्या मुख्यमंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद ऊधमसिंहनगर के विधान सभा क्षेत्र खटीमा में परिवहन डिपो का निर्माण कार्य चल रहा है ? यदि हां, तो कार्य कब तक पूर्ण हो जायेगा ? यदि नहीं, तो क्यों ? | **परिवहन** |
| श्रीमती अमृता रावत 24.02.2015 | 76. क्या महिला सशक्तिकरण एवं बाल विकास मंत्री बताने का कष्ट करेंगे कि जनपद नैनीताल के विधान सभा क्षेत्र रामनगर के अन्तर्गत आंगनवाडी केन्द्र तथा मिनी आंगनवाडी केन्द्र किन किन गांव में कब कब से संचालित है तथा इन केन्द्रों में से किन किन केन्द्रों के भवन निर्मित अथवा निर्माणाधीन है और किन किन केन्द्रों के अभी तक भवन निर्मित नहीं किये जा सके हैं ? उक्त भवन विहीन केन्द्रों के भवन निर्माण की क्या योजना है तथा कब तक भवन निर्मित किये जायेंगे ? | **महिला सशक्तिकरण** |

# नत्थी "ग"

**कार्य मंत्रणा समिति ने अपनी दिनांक 13 मार्च, 2015 की बैठक में दिनांक 16 मार्च, 2015 के उपवेशन का कार्यक्रम निम्नलिखित रूप में रखे जाने की सिफारिश की है:-**

मार्च, 2015

16 सोमवार

1. विधायी कार्य-

    1. उत्तराखण्ड खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
    2. उत्तराखण्ड गो वंश संरक्षण (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
    3. उत्तराखण्ड अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
    4. उत्तराखण्ड जिला योजना समिति (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**
    5- उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग (संशोधन) विधेयक, 2015 पर विचार एवं पारण। **(15 मिनट)**

2. **निम्नलिखित असरकारी संकल्पों का प्रस्तुतीकरण :-**

**1. श्री महावीर सिंह रांगड़** — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड राज्य के 1065 गैर आबाद ग्रामों को पुनः आबाद करने हेतु प्रभावी कार्ययोजना बनाने तथा राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों से हो रहे पलायन को रोकने के लिए समयबद्ध योजना बना कर क्रियान्वित किये जाने की आवश्यकता है।'

**2. श्री चन्दन राम दास,** — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि गंगा सफाई अभियान की तरह उत्तराखण्ड की काशी बागेश्वर की प्रसिद्ध नदी सरयू व गोमती को स्वच्छ निर्मल बनाये जाने के लिये सरकार योजना बनाकर प्रयास सुनिश्चित करें।"

**3. श्रीमती विजय बड़थ्वाल,** — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि उत्तराखण्ड की सीमा से लगे उत्तर प्रदेश के गांवों जिनमें उत्तराखण्डवासियों की जनसंख्या अधिक हो, उत्तराखण्ड में सम्मिलित कर दिये जाये।"

**4. श्री बिशन सिंह चुफाल,** — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में बन्दरों की जनसंख्या को कम करने के लिए एक अलग से नीति बनायी जायें।"

**5. श्री मदन कौशिक,** — "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि राज्य में स्थापित उद्योगों में स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार उपलब्ध कराने के लिये प्रभावी नीति हेतु इस सदन की समिति बनायी जायें।"

3. **नियम-105 के प्रस्ताव**

1. श्री सुरेन्द्र सिंह जीना, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरणः-

   "यह सदन भारत सरकार से प्रस्ताव करता है कि मध्याह्न भोजन में व्याप्त अनियमितताओं एवं अव्यवहारिकता को दृष्टिगत रखते हुए, इस योजना के स्थान पर किसी अन्य योजना को लागू करने पर विचार करें। "

2. श्री मदन कौशिक, सदस्य विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-105 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रस्ताव का प्रस्तुतीकरण :-

   "इस सदन का सुनिश्चित मत है कि प्रदेश में गन्ना किसानों को गन्ना का उचित मूल्य एवं गन्ना मूल्य का समय पर भुगतान को सुनिश्चित करने कि लिये विधान सभा के सदस्यों की एक समिति का गठन किया जाय जो एक निश्चित समय में अपनी रिपोर्ट देगी।"

4. **नियम-54 की सूचना**

1. श्री नवप्रभात, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर प्रस्तुतीकरणः-

   "उत्तराखण्ड राज्य के गठन के समय राज्य में 95 विकास खण्ड ईकाई गठित थी। आज भी इनकी संख्या 95 ही है।

   राज्य गठन के पश्चात् ग्राम सभाओं का लगातार पुनर्गठन किया गया है तथा ग्राम सभाओं की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। राज्य गठन के पश्चात् नवीन तहसील स्थापित करने का कार्य भी हुआ है। नये राज्य में विधान सभा क्षेत्र भी बढ़ कर 70 हो गये हैं।

   इन परिवर्तनों के कारण एक विकास खण्ड एक से अधिक विधान सभा क्षेत्रों में विभाजित हो गया है, जिससे नियोजन एवं विकास के कार्यों में भ्रान्तियां उत्पन्न हो रही हैं। एक विकास खण्ड के एक से अधिक तहसीलों में विभाजित होने के कारण प्रशासनिक दृष्टि से भी भ्रान्तियां उत्पन्न हो रही हैं।

   विकास की मूलभूत ईकाई विकास खण्ड के पुनर्गठन का कार्य न होने के कारण छोटे राज्य के निर्माण के मूल लक्ष्य, विकास से सुदूर क्षेत्र का नजदीकी सम्बन्ध की अवधारणा पूरी नहीं हो पा रही है।

   शासन स्तर पर विकास खण्ड पुनर्गठन के विषय को यह कहकर लम्बित रखा जा रही है कि योजना आयोग भारत सरकार इसके लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध नहीं करा रहा है तथा राज्य सरकार द्वारा "जल समेट क्षेत्र पर आधारित विकास खण्ड पुनर्गठन का प्रस्ताव योजना आयोग या वित्त आयोग या केन्द्र सरकार के समक्ष प्रस्तुत करने सम्बन्धी।"

2. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर प्रस्तुतीकरणः-

   "प्रदेश की विषम भौगोलिक परिस्थिति के दृष्टिगत प्रदेश में आपदा की स्थिति से निपटने के लिये विशेषज्ञों की एक समिति का गठन किया जाय जो निश्चित समय के अन्दर अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत करेगी"

3. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर प्रस्तुतीकरणः-

   "प्रदेश में आयी भीषण आपदा के बाद प्रदेश की चार धाम यात्रा में घटती यात्रियों की संख्या एवं पर्यटक स्थलों पर पर्यटकों के घटते आकर्षण के दृष्टिगत प्रदेश में यात्रियों को आकर्षित करने तथा देश की जनता का प्रदेश के प्रति घटते विश्वास को प्राप्त करने के लिये एक कार्ययोजना बनायी जाय"

4. श्री मदन कौशिक, सदस्य, विधान सभा द्वारा प्रस्तुत नियम-54 की निम्नलिखित सूचना पर प्रस्तुतीकरणः-

   "प्रदेश के धार्मिक महत्व को देखते हुए प्रदेश में किसी धार्मिक उद्देश्य से बनाये गये ट्रस्ट/सोसाईटी अथवा समिति द्वारा चलाये जा रहे मठ/मन्दिर/आश्रम पर राज्य सरकार द्वारा पनी/बिजली/सीवरेज/हाउस टैक्स आदि शुल्क को समाप्त कर दिया जाय।"

**( शेष कार्यक्रम यथावत )**